दिन–गुरूवार दिनांक– 19 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने कहा – एलपीजी गैस की ऑनलाइन बुकिंग दर बढ़कर चौरानवे प्रतिशत हुई। साथ ही घबराहट में आकर की जा रही बुकिंग की संख्या में गिरावट आई है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के दौरान मुंगेर और लखीसराय जिले में चार सौ पैंतालीस करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

03. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इकतीस मार्च को प्राचीन मगध की ऐतिहासिक राजधानी राजगीर और नालंदा का दौरा करेंगी।

04. और, चैत्र नवरात्र आज से शुरू। नौ दिवसीय पर्व को लेकर प्रदेशभर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल।

---

केंद्र सरकार ने कहा है कि एलपीजी गैस की ऑनलाइन बुकिंग दर बढ़कर चौरानवे प्रतिशत हो गई है और घबराहट में आकर की जा रही बुकिंग की संख्या में गिरावट आई है। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि दो सप्ताह के भीतर लगभग एक लाख पच्चीस हजार घरेलू और वाणिज्यिक पीएनजी कनेक्शन जारी किए गए हैं। वाणिज्यिक एलपीजी के बारे में उन्होंने बताया कि करीब सत्रह राज्य सरकारों द्वारा आवंटन आदेश जारी कर दिए गए हैं। सुश्री शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने सभी राज्य सरकारों से पीएनजी नेटवर्क के विस्तार में सहयोग करने को कहा है और अतिरिक्त दस प्रतिशत वाणिज्यिक एलपीजी उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा है।

–––साउंड बाइट–––

---

शेखपुरा के जिलाधिकारी शेखर आनंद ने कहा है कि जिले में रसोई गैस की कोई दिक्कत नहीं है और मांग के आधार पर आपूर्ति की जा रही है। जिलाधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान नहीं दें।

–––साउंड बाइट–––

वहीं, पश्चिम चंपारण जिले के एडीएम सह–जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने कहा है कि जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की उपलब्धता पर्याप्त संख्या में है। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन एलपीजी गैस वितरण को लेकर सक्रिय और सतर्क है तथा आपूर्ति नियमित बनी हुई है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के दौरान मुंगेर जिले में एक सौ उन्नीस करोड़ रुपये की लागत वाली अठ्हत्तर परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान मुंगेर में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री कुमार ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नये पदों का सृजन कर शिक्षकों की बहाली की जाएगी।

———साउंड बाइट———

वहीं, मुख्यमंत्री ने लखीसराय जिले में तीन सौ छब्बीस करोड़ रुपये की लागत वाली दो सौ चौवन योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान जनता से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि जिले में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना कर नये उद्योग लगाए जायेंगे।

———साउंड बाइट———

---

जन संवाद कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना के तहत शेष रह गयीं अठारह लाख महिलाओं को जल्द ही दस–दस हजार रुपये की राशि दी जाएगी।

———साउंड बाइट———

---

केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुंगेर जिले में मेडिकल कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने के साथ ही जलापूर्ति की व्यवस्था को भी बेहतर बनाया है।

———साउंड बाइट———

---

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। उनकी ओर से पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, राज्य सरकार के मंत्री श्रवण कुमार और विधान परिषद सदस्य संजय कुमार सिंह गांधी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और मुख्यालय प्रभारी मोहम्मद निसार ने बताया कि निर्वाचन पदाधिकारी अनिल हेगड़े के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नामांकन की अंतिम तारीख बाईस मार्च है। एक से अधिक नामांकन होने पर सत्ताईस मार्च को चुनाव होंगे। यदि एक ही नामांकन हुआ तो नाम वापसी के दिन ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष का कार्यकाल दो हजार अट्ठाईस तक के लिए होगा।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इकतीस मार्च को प्राचीन मगध की ऐतिहासिक राजधानी राजगीर और नालंदा का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनका पहला नालंदा दौरा होगा। श्रीमती मुर्मु नालंदा विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। समारोह के बाद वे विश्व धरोहर प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेषों का भी भ्रमण करेंगी।

---

चैत्र नवरात्र का शुभारंभ आज हर्षोल्लास के साथ हुआ। नौ दिवसीय पर्व को लेकर प्रदेशभर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं।

———रिपोर्ट———

चैत्र नवरात्रि के में नौ दिन मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना को समर्पित होते हैं। पहले दिन घट स्थापना या कलश स्थापना के साथ भक्त मां शैलपुत्री की पूजा करते हैं। इसके बाद देवी ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की आराधना की जाती है। इन दिनों में व्रत–उपवास, पूजा–पाठ और देवी भजनों के माध्यम से श्रद्धालु मां दुर्गा से सुख–समृद्धि और शक्ति की कामना करते हैं। कई घरों और मंदिरों में अखंड ज्योति जलाई जाती है, वहीं अष्टमी और नवमी पर कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। चैत्र नवरात्रि के साथ ही शुरू होता है हिंदू नववर्ष, इसे विक्रम संवत के रूप में जाना जाता है। यह दिन नई शुरुआत, नए संकल्प और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है।

---

इधर, विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि नवरात्र को लेकर विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या देखी जा रही है। कैमूर जिले के मां मुंडेश्वरी धाम मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने

पूर्जा–अर्चना की। दरभंगा जिले के श्यामा माई मंदिर और कंकाली मंदिर समेत अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा–अर्चना की। अररिया जिले के मां खड़गेश्वरी महाकाली मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया है। यहां कलश स्थापना के साथ पूजा–अर्चना की शुरूआत हुयी। इधर, नवरात्र को लेकर मिथिला प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक मनोज कुमार तिवारी ने मधुबनी में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को विधि व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिये हैं। नवरात्र के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैय्यद अता हसनैन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य गणमान्य लोगों ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

---

प्रदेश में नर्सरी प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए इक्कीस से तेईस मार्च तक पटना के ज्ञान भवन में प्रदर्शनी सह कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य बागवानी और नर्सरी प्रबंधन को आधुनिक तकनीकों से सशक्त बनाना है।

–––साउंड बाइट–––

---

ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने आज नई दिल्ली के यशोभूमि में चार दिवसीय वैश्विक सम्मेलन–सह–प्रदर्शनी में आज बिहार पैवेलियन का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह और नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राज्य के ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे सुधारों और भविष्य की योजनाओं को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया।

---

सहकारिता मंत्री प्रमोद कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार सहकारिताके माध्यम से प्रदेश में रोजगार बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित पैक्सों की दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार की ओर से कई पहल की जा रही है।

–––साउंड बाइट–––

इधर, रोहतास जिले के सासाराम में पैक्स अध्यक्षों, प्रबंधकों और व्यापार मंडल अध्यक्षों के लिए प्रशिक्षण–सह–कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में

सहकारिता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई, ताकि पदाधिकारियों को अपने दायित्वों के निर्वहन में मदद मिल सके।

---

रमजान के महीने में विभिन्न पार्टियों और संगठनों की ओर से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। आज केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की ओर से उनके पटना आवास पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत राज्य सरकार के कई मंत्री शामिल हुए।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवधि में न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी हो सकती है। इधर, पिछले चौबीस घंटों में राज्य का मौसम शुष्क बना रहा। इधर, आज छत्तीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ लगातार दूसरे दिन कैमूर का भभुआ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, मौसम विभाग ने औरंगाबाद, कैमूर, गया और रोहतास जिले में देर शाम तक हल्की बारिश के साथ वज्रपात की आशंका जताई है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

---

सुपौल के जिलाधिकारी सावन कुमार ने आज दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि यंत्रीकरण मेला का उद्‌घाटन किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कर्मियों को नई तकनीक वाले यंत्रों के संबंध में किसानों को विस्तृत जानकारी देने के निर्देश दिये।

---

पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकि टाईगर रिजर्व में डेढ़ साल के बाघ शावक का शव मिला है। इस मामले की पुष्टि करते हुए वन संरक्षक, सीएफ गौरव ओझा ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. केंद्र सरकार ने कहा – एलपीजी गैस की ऑनलाइन बुकिंग दर बढ़कर चौरानवे प्रतिशत हुई। साथ ही घबराहट में आकर की जा रही बुकिंग की संख्या में गिरावट आई है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के दौरान मुंगेर और लखीसराय जिले में चार सौ पैंतालीस करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया।

03. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इकतीस मार्च को प्राचीन मगध की ऐतिहासिक राजधानी राजगीर और नालंदा का दौरा करेंगी।

04. और, चैत्र नवरात्र आज से शुरू। नौ दिवसीय पर्व को लेकर प्रदेशभर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।